>

Title: Need to construct railway line from Ghanauli to Paonta Sahib in order to give impetus to industrial development in Himachal Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश पहाड़ी एवं सीमावर्ती प्रदेश है। वहां आजादी के बाद से आज तक केवल 36 किलोमीटर रेल लाइन का निर्माण किया गया है। इस प्रकार हिमाचल प्रदेश के साथ रेलों के विकास एवं विस्तार के मामले में बहुत उपेक्षा हुई है। इस कारण हिमाचल प्रदेश के लोगों में बहुत रोष और क्षोभ है। हिमाचल प्रदेश में नालागढ़ से ले कर पांवटा साहब तक इंडस्ट्रियल कोरीडोर बना है, जहां लाखों मजदूर काम करते हैं। बड़े-बड़े उद्योग लगे हुए हैं, लेकिन रेल लिंक नहीं होने के कारण कच्चा माल उद्योगों में लाने एवं उत्पादित माल बाजार ले जाने में खर्च पड़ता है तथा सड़क मार्ग पर बहुत दबाव रहता है। पांवटा साहब एक धार्मिक स्थान है, जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि पंजाब के घनौली से ले कर उत्तराखंड के देहरादून तक वाया हिमाचल प्रदेश के नालागढ़-बद्दी-सूरजपुर (एच.एम.टी.) - काला अम्ब और पांवटा साहब एक बड़ी रेल लाइन का निर्माण किया जाए, ताकि हिमाचल प्रदेश का विकास हो सके।